हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

14 कलेक्टर विनय लंगेह ने भरा ऑनलाइन स्व-गणना ...



14 झिटकी में नवीन सहकारी सोसाइटी का उद्घाटन ...



## खबर संक्षेप

### तापमान बढ़ा, सावधानी बरतने की अपील

**महासमुंद।** महासमुंद का अधिकतम तापमान 40 से ज्यादा हो गया है। बुधवार को 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगामी दिनों में तापमान 2 से तीन डिग्री सेल्सियस और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने संभावना जताई कि 19 अप्रैल तक हीट वेव चलेगी। गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा दिख रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश और विदर्भ से एक द्रोणिका बनी हुई है। गर्मी बढ़ने से मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की अपील की है। गर्मी बढ़ने से अब शाम को ही सड़कों पर चहल और पहल दिखाई देती है। शहरी क्षेत्रों में गर्मी का ज्यादा असर देखने मिल रहा है। लोग गर्मी से बचने के लिए स्कार्फ आदि का उपयोग करने लगे हैं।

### भीषण गर्मी से लोग हलाकान, लो-वोल्टेज की भी समस्या

**नर्रा।** बैसाख का महीने में सूरज आग उगल रहा है। दोपहर में गांव गली एवं सड़कें वीरान हो रही हैं। इधर, भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण अंचल के गांवों में लो-वोल्टेज के कारण टेबल फेन सीलिंग पंखे, कूलर चलना मुश्किल हो गए हैं। लोग उमस गर्मी से हलाकान है। तेज गर्मी के कारण लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। अप्रैल के महीने में ही सूरज के तेवर मई यानी ज्येष्ठ माह की तरह है। इस बार ज्येष्ठ माह के महीना दो बार होने से तीन माह गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। ऊपर से लो वोल्टेज के कारण पंखे-कूलर चलना मुश्किल हो गया है। गर्मी से राहत पाने संपन्न घरों के लोग में स्टेबलाइजर का सहारा ले रहे हैं। तेज धूप भीषण गर्मी के कारण लेंटर वाले मकान भी गर्म हो रहे है। लोगों को पुराने घर यानी म्यार लगे पटाव वाले घरों की याद फिर आने लगी है।

# पिकाडली एग्रो में श्रमिक की मौत मामले में सीनियर मैनेजर पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संयत्र में जारी कार्य का निरीक्षण करने के दौरान संतुलन बिगड़ने और गंभीर तौर पर घायल अवस्था में हुई मौत के मामले में पुलिस ने कंपनी के सीनियर मैनेजर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अछोली स्थित पिकाडली एग्रो इंडस्ट्रीज में 1 दिसंबर को हुए हादसे में गंभीर घायल तुमगांव निवासी एक युवक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार तुमगांव पुलिस ने विस्तृत मर्ग जांच और मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तुमगांव पुलिस ने आरोपी अनुज पंचाल के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

पिकाडली एग्रो में कार्यरत ताम्रध्वज पिता गिरिज लाल (39) 1 दिसंबर 2025 की शाम करीब 5:45 बजे संयंत्र में चल रहे कार्य का निरीक्षण करने चढ़ा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वे नीचे आ गिरा। हादसे में उनके सिर और आँख में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद सहकर्मी घायल ताम्रध्वज को उपचार हेतु रायपुर ले गए, जहाँ पहले श्री रामकृष्ण अस्पताल और फिर कालड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। 3 दिसंबर 2025 की सुबह लगभग 4 बजे युवक की मौत हो गई।

## पुलिस को मिली सुरक्षा मानकों में अनदेखी, मौत के बाद दी गई पुलिस को जानकारी

### कोई सुरक्षा उपाय नहीं

बता दें कि संयंत्र में ऊपर चढ़ने के दौरान प्रबंधन द्वारा कोई सुरक्षा उपाय उपलब्ध नही कराया गया था। युवक की मौत के बाद तुमगाँव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान गवाहों के बयान, घटनास्थल का निरीक्षण और तकनीकी पहलुओं की पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई थी।




### बरती लापरवाही

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के सीनियर मैनेजर (इलेक्ट्रिकल) अनुज पंचाल ने आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित नहीं किए थे। यदि श्रमिक को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण एवं सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराया गया होता, तो उक्त हादसे को टाला जा सकता था।

## मनमानी: परेशानी से अवगत कराने पहुंचे व्यापारी बैरंग लौटे

# शहर में बिना हेलमेट चालान केवल व्यापारियों और नागरिकों के लिए!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चौक चौराहों में लगे कैमरों में न तो नेता या सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता बिना हेलमेट नजर आ रहे हैं और न ही शहर के रसूखदार। केवल व्यापारी और नागरिक इस नई व्यवस्था में आर्थिक आघात का सामना कर रहे हैं। चौक चौराहों में रोजाना हजारों की संख्या में बिना हेलमेट के लोगों की आवाजाही हो रही है, जिसमें सैंकडों की संख्या तो केवल सरकारी कर्मियों की है। लेकिन, ऑनलाईन चालान के मैसेज केवल चुनिंदा लोगों तक ही पहुंच रहे हैं, जिसमें केवल व्यापारी और नागरिक अधिक है।

शहर में लागू की गई व्यवस्था में कोई खराबी नहीं है। जागरुकता के लिए भी यह आवश्यक है लेकिन, हाल ही में व्यापारी संघ ने पुलिस विभाग के अफसरों से मुलाकात की इस समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि बाजार और रिहायशी इलाके के बीच में काफी कम दूरी है। दिन में कई बार बाजार, घर और गोदाम के लिए आवाजाही बनी रहती है। कई बार दुकान के कर्मचारी भी वाहन लेकर गोदाम और दुकान के काम या शहर में अन्य कार्य के लिए निकलते हैं। ऐसे में बार बार चालान होने से व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




### होगी कार्रवाई

एएसपी प्रतिभा पांडेय ने कहा है कि नियमों में और सख्ती के साथ चालानी कार्रवाई की संख्या में और वृद्धि होगी। कैमरों की संख्या बढ़ाए जाने के क्रम में आगामी दिनों में बरोंडा चौक में इस इस मॉनिटरिंग सिस्टम को लागू करने की तैयारी है। हेलमेट से लोगों की ही जान माल की सुरक्षा का उद्देश्य है।

### स्कूटी चालक को पहुंचा 20 हजार का चालान

मामला तब चरम पर पहुंचा जब एक स्कूटी चालक को 20 हजार रुपए के चालान का नोटिस पहुंचा। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिसके चलते लोग परेशान होने के साथ आम जनता में इस बात को लेकर आक्रोश पनप रहा है। व्यापारियों ने इसे जागरुकता के नाम पर केवल व्यापारियों और आम नागरिकों को आर्थिक चोट पहुंचाने वाला फरमान बताया।

### इन मांगों को लेकर पहुंचे थे व्यापारी एसपी के पास

व्यापारियों ने एसपी से मुलाकात कर बताया कि मुख्यमार्ग के दोनों ओर आधा किमी के दायरे में उनकी दुकान, मकान और गोदाम हैं। शहर में कई बार आवाजाही होने पर चालान कट रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि शहर सीमा के भीतर हेलमेट की चालानी कार्रवाई पर रोक लगाएं। बल्कि, मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चालन और सिग्नल तोड़ने वालों पर अवश्य कार्रवाई की जाए। ओवर स्पीड और तीन सवारी के साथ बिना नंबर के वाहनों पर कार्रवाई हो।

### कलेक्टर, विधायक और सांसद के समक्ष व्यापारी रखेंगे मांग

व्यापारियों ने हरिभूमि को बताया कि शहर में नागरिकों और व्यापारी ही इस नई व्यवस्था से आहत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस विषय को लेकर आगामी दिनों में कलेक्टर, विधायक और सांसद के समक्ष अपनी बात रखने की तैयारी की जा रही है।

## कार में मिली शराब, पुलिस को देख एक आरोपी भागा, दूसरा गिरफ्तार

**महासमुंद।** कार में शराब के अवैध परिवहन पर पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा आरोपी पुलिस को देखकर भाग निकला। मामले में आरोपियों के खिलाफ पिथौरा थाने में आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान गार्डन चौक के पास एक ब्रेजा कार सीजी 06 एचबी 9500 का चालक पुलिस गाड़ी को देखकर देवार बस्ती की ओर भागने लगा। पुलिस ने जब उसका पीछा किया तब कार को पिथौरा गौशाला के पास खड़ी कर एक व्यक्ति भाग गया, वहीं कार में बैठे एक व्यक्ति ने ने पूछताछ में अपना नाम संतोष यादव पिता कन्हैयाराम यादव (46 साल) वार्ड नं0 12 रानीसागरपारा पिथौरा होना बताया। साथ ही भागने वाले का नाम पूछने पर उसे वाहन क्रमांक सीजी 06 एचबी 9500 का मालिक कमलजीत उर्फ प्रिंस सलूजा थाना पिथौरा का होना बताया।

पुलिस को देखकर भागने के कारण पूछने पर गाड़ी की डिग्गी में 02 नीले रंग के बोरी व 01 कपड़े के थैले के अंदर शराब होना बताया। पुलिस ने वाहन से 195 पौवा भरी सवा शेरा देशी शराब कीमत 15600 रुपए व कार कीमत 5,15,600 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। वहीं पुलिस मामले के फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

## बाइक सवारों से 5 लाख का गांजा बरामद

**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख रुपए का 10 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान वाहन लाल काला रंग का पल्सर एनएस 125 क्रमांक सीजी10 बीवी 9853 में दो व्यक्ति बैठकर आये, जिन्हें रोका गया। मोटर सायकल चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम भोजराज उर्फ रामू ठाकुर पिता विनोद ठाकुर (20 वर्ष) वार्ड नं 03 टिकरीपारा राम नगर रोड तखतपुर थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छग व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम आकाश उर्फ अक्कु ठाकुर पिता रवि सिंह ठाकुर (20 वर्ष) वार्ड नं 03 टिकरीपारा राम नगर रोड तखतपुर थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छग का रहने वाला बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10.100 किग्रा गांजा, कीमत 5,00000 रूपए को बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन लाल काले रंग का पल्सर NS 125 क्रमांक CG10BV9853 कीमत 50,000 रूपया, दो नग विवो कंपनी का मोबाईल कीमत 10,000 रूपए कुल 5,60,000 को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख)(ii)(ख) नार एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# कंपनी के गोपनीय दस्तावेज लीक, पूर्व कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर

## मनोरमा इंस्ट्रीज बिरकोनी के प्रबंधक ने लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कंपनी के गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में पूर्व कर्मचारियों के विरूद्ध कोतवाली थाना में अपराध दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड बिरकोनी के प्रबंधक ने दर्ज कराई है।

सिटी कोतवाली में कराए गए एफआईआर में आवेदक व मनोरमा इंडस्ट्रीज के प्रबंधक अरूण नंदा ने पुलिस को बताया कि कंपनी में गोविन्द यशवंतराव सेलिकर असिस्टेंट जनरल मैनेजर (आरएनडी) के पद पर दिनांक 12/06/2023 से नियुक्त कर कार्यरत होकर दिनांक 30/10/2025 तक कार्यरत रहा तथा दिनांक 30/10/2025 को रिजाईन (छोड़कर) कर एक अन्य कंपनी में जाकर वर्तमान में कार्यरत हैं तथा मोहन साहूकारी पिता हेमंतराव साहूकारी निवासी रायपुर जो कंपनी में असिस्टेंट जनरल मैनेजर के पद पर दिनांक 01.10.2020 से दिनांक 30.09.2025 तक कार्यरत रहा तथा दिनांक 08.10.2025 को कंपनी को रिजाईन कर दिया।

एफआईआर में बताया गया कि मनोरमा इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ग्राम बिरकोनी, जिला महासमुंद ने छानबीन में पाया कि कंपनी की कंपलीट ड्राईंग कम्पलीट प्रोसेसर डाटा सिस्टम आफ प्रोडक्शन एवं महत्वपूर्ण जानकारी व फार्मूला जिसमें स्पेशल टेक्नोलाजी को सुरक्षित एवं गोपनीय रखने की जिम्मेदारी कंपनी के कर्मचारी गोविंद यशवंतराव सेलिकर तथा मोहन साहूकारी को दी गई थी, लेकिन उक्त दोनों व्यक्तियों के द्वारा धोखाधड़ी करते हुए कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जानकारी मेल के माध्यम से दूसरी कंपनियों को दे दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 316(2), 316(5), 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## रेग्जीन दुकान में लगी आग काफी दूर से काला धुआं देखा गया




**सरायपाली।** नगर के कलकत्ता कपड़ा बाजार के बाजू गली में स्थित एमके रेग्जीन वर्क्स के दुकान के ऊपरी हिस्से में दोपहर लगभग 3 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते यह आग आसपास के मकानों तक भी पहुंचने लगी। आगजनी स्थल के ऊपर काफी दूर से काला धुंआ निकलते देखने के बाद आगजनी स्थल पर लोग पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। यह आग एमके रेग्जीन वर्क्स के ऊपरी तल पर लगी थी। ऊपर संभवतः फोम व रेग्जीन में अज्ञात कारणों से आग लगी। आग इतनी भयंकर थी कि 50 मीटर तक आग की तपिश के कारण लोग पास नही पहुंच पा रहे थे। आग बुझाने के लिए आसपास के घरों के मोटरों से पाइप के सहारे पानी की व्यवस्था का प्रयास किया जा रहा था, पर बिजली गुल होने की वजह से पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी। फोम व रेग्जीन के कारण आग और तेजी से फैलने लगी। इस बीच नगर पालिका को फायर ब्रिगेड के लिए फोन लगाया गया, पर बताया गया कि वह मरम्मत के लिए गई है। बसना में भी फायर ब्रिगेड नहीं मिलने की बात कही गई। इस बीच नगरपालिका द्वारा पानी का टैंकर तो भेज दिया गया, पर आगजनी ऊंचाई में लगने के कारण पानीबकी बौछार वहां तक पहुंच पाना मुश्किल था। लोग सामूहिक प्रयासों से फोम व पूजा दुकानों से सामानों को बाहर निकाला गया। वहीं फायर ब्रिगेड महासमुंद की गाड़ी भी पहुंच चुकी है।

# सट्टेबाजी में लिप्त 9 बड़े बुकी गिरफ्तार, बसना पुलिस ने सिंडिकेट का किया पर्दाफाश


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आईपीएल मैचों के दौरान सट्टेबाजी कर रहे 9 बड़े बुकी को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लाखों के लेनदेन के सबूत मिले हैं।

पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध जुआ और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ महासमुंद पुलिस का अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी है। थाना बसना, चौकी भंवरपुर पुलिस द्वारा भंवरपुर चौक से गिरफ्तार किए गए ऑनलाइन सटोरिए योगेश्वर देवांगन से हुई पूछताछ में एक बड़े सट्टा सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ था। आरोपी से पूछताछ में महासमुंद जिले के 11 अन्य बड़े सटोरियों के नाम सामने आए थे। इन खुलासों के तुरंत बाद, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया और नामजद आरोपियों की धरपकड़ हेतु जिले के विभिन्न स्थानों भंवरपुर, बसना, पिथौरा और सांकरा पर ताबड़तोड़ दबिश दी गई। पुलिस की इस त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई में सट्टा नेटवर्क के 9 मुख्य आरोपी योगेश्वर देवांगन (निवासी भंवरपुर), नरेंद्र पटेल (निवासी- भंवरपुर), उमाशंकरपति (निवासी- बारपेलाडीह थाना बसना), शरीफ खान (निवासी- वार्ड क्र. 14, आदर्श नगर, बसना), पार्थो डे (निवासी- वार्ड नं. 05, बसना), रवि अग्रवाल (निवासी- पिथौरा), बाबूलाल मानिकपुरी (निवासी- नवरंगपुर), नोहर राम पटेल (निवासी- सांकरा), राजा माटा (निवासी- पिथौरा) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 11 मोबाइल फ़ोन कीमत 01 लाख 10 हजार रुपए और यूपीआई के माध्यम से प्राप्त किए 3 लाख से अधिक के ऑनलाइन सट्टा लेनदेन रिकार्ड को जब्त किया है। ये आरोपी ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेलने और खिलाने के अवैध कारोबार में सक्रिय रूप से शामिल थे। थाना बसना में सभी गिरफ्तार 9 आरोपियों के विरुद्ध धारा 7(1) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं 03 फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।



पुलिस कि आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन सट्टा/जुआ गतिविधि में शामिल, ऐसी गतिविधियों की गुप्त सूचना "शिकायत हेल्प डेस्क- "संवाद" व्हाट्सएप्प मोबाइल नंबर-9479229939 पर पुलिस को तुरंत दें।



## खबर संक्षेप

### फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर ठगी

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र के एक बुजुर्ग किसान ने एक व्यक्ति के खिलाफ फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर उसकी 50 लाख रुपए की जमीन बेच कर ठगी करने की थाने के साथ पुलिस अफसरों के पास तथा मुख्यमंत्री के पास शिकायत दर्ज कराई है। किसान रिखिराम चंद्राकर ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रिखिराम ने आरोप लगाया है कि गिरीश साहू ने उसकी जमीन का फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर प्रशांत चंद्राकर के पास बिक्री कर दिया। जानकारी मिलने पर रिखिराम ने नौ जनवरी को घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करने पर पीड़ित किसान ने एसपी, आईजी के साथ मुख्यमंत्री के पास शिकायत दर्ज कराई है।

### किशोरी से रेप, आरोपी को 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व 12 वर्षीय किशोरी के साथ रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल काछी की प्रथम फास्ट ट्रैक पॉक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के मुताबिक कोर्ट ने सोनू चेलक को कैद की सजा सुनाई है। सोनू ने अपनी मौसी के घर घूमने आई किशोरी को डरा धमकाकर अपनी बाइक में बैठाकर 14 दिसंबर 2024 को डूमरतराई में अपने दोस्त के घर ले जाकर बंधक बनाकर उसके साथ रेप किया था।

### रजिस्ट्री दर बढ़ोतरी का विरोध

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जमीन-मकान की रजिस्ट्री दरों में की जा रही बढ़ोतरी पर एतराज करते हुए हुए महिलाओं को दो प्रतिशत की छूट को जनता के साथछलावा करार दिया है । उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश में पंजीयन शुल्कों को तर्कसंगत बनाने 5 फीसदी रखने का सुझाव दे रही है।

# ख़बर का असर: सरिफाबाद जमीन हेरफेर में जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

तहसील अंतर्गत ग्राम सरिफाबाद में राजस्व अभिलेखों में कथित हेरफेर और एक ही भूमि पर दोहरे स्वामित्व के दावे के मामले में प्रशासनिक जांच की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर गठित जांच दल ने गुरुवार को राजस्व निरीक्षक कार्यालय सांकरा में दोनों पक्षों के किसानों से पूछताछ कर दस्तावेजों की गहन जांच प्रारंभ की गई।

गौरतलब है कि डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव एवं प्रमोद कुमार के नेतृत्व में गठित जांच दल ने ग्राम छोटेटेमरी तथा बलौदाबाजार जिले के ग्राम सोनपुर के किसानों को तलब कर उनके बयान दर्ज किए। इस दौरान तहसीलदार ललित सिंह, पटवारी राजेंद्र डोंगरे तथा राजस्व निरीक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यालय परिसर में दोनों गांवों के किसानों की भीड़ देखी गई, जहां सभी संबंधित पक्ष अपने-अपने दावों के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करते नजर आए। यह जमीन विवाद उस समय सामने आया जब सरिफाबाद स्थित खसरा क्रमांक 312, 314, 316, 323, 327, 322/1, 320, 318, 328, 337/2 एवं




329/2 की लगभग 22.46 एकड़ भूमि के संबंध में दो अलग-अलग पक्षों ने स्वामित्व का दावा किया। एक ओर छोटेटेमरी के किसान इस भूमि को अपने पूर्वजों को शासन द्वारा प्रदत्त बताते हैं, वहीं दूसरी ओर बलौदाबाजार जिले के सोनपुर के किसान भी उक्त भूमि पर अपना अधिकार जता रहे हैं। छोटेटेमरी के किसानों का कहना है कि वर्ष 1990-91 में उन्हें विधिवत भूमिस्वामी घोषित कर पट्टा प्रदान किया गया था और वे वर्षों से उक्त भूमि पर काबिज होकर खेती कर रहे हैं। दूसरी ओर, सोनपुर के किसान भी इसे शासन से प्राप्त भूमि बताते हुए इस जमीन के हालिया खरीदी-बिक्री को अवैध ठहरा रहे हैं। मामले में यह भी सामने आया है कि सरिफाबाद के 12 भूमिस्वामी सुमित्रा / रूषी, पुरन्दर/विष्णु रावत, अनादी/बनमाली, त्रिभुवन/संतराम मरार, संतराम/बादल मरार, सदानंद/जुगेसर रावत, जुगेसर/ पदमन कोंद, मुनकू/कुशो, बजरंग/सुखरू, जदु/मिलू, अशोक/दिवाकर रावत ओर पूर्णो/रंजीत केंवट किसान जो वर्षों से भूमि पर कृषि कार्य कर रहे थे, राजस्व अभिलेखों में बदलाव के चलते अपने अधिकार से वंचित हो गए हैं। आरोप है कि उनकी भूमि अन्य जिले के किसानों के नाम दर्ज कर दी गई, जिससे एक ही खसरे में दो-दो नाम दर्ज होने की स्थिति उत्पन्न हो गई।

# अंबेडकर के विचार किसी एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के उत्थान के लिए थे : ढिल्लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर बाबा साहेब की जयंती पर स्वाध्याय केन्द्र सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई महासमुंद के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंच पर वरिष्ठ अधिवक्ता खगेश्वर पटेल, उन्नत कृषक महेश चंद्राकर, अधिवक्ता शिव भारद्वाज उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत माता और डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता शिव भारद्वाज ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्षों को रेखांकित करते हुए कहा डॉ. अंबेडकर का जीवन घोर अभावों से निकलकर शिखर तक पहुंचने की वह गाथा है, जो हर युग के संघर्षशील व्यक्ति के लिए मशाल का काम करती है। यह सिद्ध किया कि संकल्प शक्ति के आगे कोई भी बाधा टिक नहीं सकती। डॉ. अंबेडकर के आदर्श केवल किताबों तक सीमित रहने के लिए नहीं, बल्कि हमारे आचरण में उतरने के लिए हैं। उनके जीवन का प्रत्येक अध्याय हमें सिखाता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए न्याय की लड़ाई ही वास्तविक सेवा है।




मुख्य वक्ता अधिवक्ता सरदार सुमित सिंह ढिल्लो ने बाबा साहेब के दूरदर्शी विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताया। ढिल्लो ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, एक प्रखर अर्थशास्त्री और राष्ट्रशास्त्री थे। ढिल्लो ने बताया कि डॉ. अंबेडकर केवल राजनीतिक लोकतंत्र नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र के भी पक्षधर थे। उन्होंने संविधान सभा में स्पष्ट कहा था कि देश की एकता और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता अनिवार्य है। ताकि कानून में किसी भी प्रकार का धार्मिक भेदभाव न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 के पीछे जो उनके विचार थे उन पर प्रकाश डाला। ढिल्लो ने डॉ. अंबेडकर के अखंड भारत के प्रति अटूट विश्वास पर प्रकाश डाला। डॉ. अंबेडकर की पुस्तक 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' एवं ₹पाकिस्तान ऑर द पार्टिशन₹ ऑफ इंडिया का संदर्भ बताया। विभाजन के समय ट्रांस माइग्रेशन के विषय पर आधारित डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकता के उन पहलुओं पर जोर दिया जो राष्ट्र की सुरक्षा और मानवता के अधिकार को सर्वोपरि रखते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि डॉ. अंबेडकर एक उच्च कोटि के अर्थशास्त्री थे। उनकी पुस्तक 'द प्रॉब्लम ऑफ द रूपी' ने ही भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की नींव रखी थी। उन्होंने रुपए की समस्या पर जो कहा वह आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के उत्थान के लिए थे। हमें उनके द्वारा दिए गए शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मंत्र को आत्मसात करना चाहिए। निष्कर्ष में कहा कि आज के समय में डॉ. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें। उन्होंने युवाओं और अधिवक्ताओं से अपील की कि वे केवल उनके द्वारा बनाए गए कानूनों को ही न पढ़ें, बल्कि उस नैतिक साहस और अनुशासन को भी अपने जीवन में उतारें, जिसके बल पर उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत का मान बढ़ाया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के जीवन को राष्ट्र निर्माण की एक अविरल प्रेरणा बताया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सुरेश चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन अधिवक्ता संजय गिरी गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेन्द्र राठौड़ सहित प्रबुद्ध अधिवक्तागण एवं शहर के नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने संविधान शिल्पी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## जटिल ऑपरेशन सफल : 1.5 किलो का ट्यूमर निकला



**पिथौरा (ग्रामीण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेवेंद्र साहू एवं उनकी टीम ने न केवल सुरक्षित प्रसव कराया गया, बल्कि गर्भवती महिला के पेट से लगभग 1.5 किलो का बड़ा ट्यूमर (ओवेरियन सिस्ट एडिनोमा) भी निकाला। टीम ने कुल चार गर्भवती महिलाओं का सफलतापूर्वक सिजेरियन ऑपरेशन किया। इनमें से एक महिला के शिशु का वजन 2.8 किलोग्राम बताया गया है। टीम में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ.त्रिलोक नेताम, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप बिशाल के साथ नर्सिंग स्टाफ रेखा नाग, उषा एवं ओटी स्टाफ देवनारायण और मिल्टन शामिल रहे।

### महासमुंद और झलप के किडनी रोगियों के लिए राहत की खबर, आज विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श

**महासमुंद।** शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में किडनी संबंधी रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक राहत देने वाली खबर है जिसके अनुसार रायपुर के प्रतिष्ठित इट्सा हॉस्पिटल्स के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ नमन महेश पाठक 17 अप्रैल शुक्रवार को क्षेत्र के दो अस्पतालों में अपनी सेवाएं देंगे। वे दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक एनसीसी अस्पताल झलप में उपस्थित रहकर मरीजों की जांच करेंगे और उन्हें उचित डॉक्टरी परामर्श प्रदान करेंगे। पश्चात वे दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक जैन नर्सिंग होम महासमुंद में अपनी सेवाएं देंगे। इस विशेष ओपीडी के दौरान किडनी की पुरानी बीमारी, उच्च रक्तचाप, मूत्र मार्ग में संक्रमण, पेशाब में प्रोटीन (प्रोटीन्यूरिया), किडनी स्टोन और किडनी ट्रांसप्लांट के मूल्यांकन जैसे गंभीर विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सलाह दी जाएगी।

### सिरमोती राय का निधन



**बसना।** ग्राम संतपाली निवासी सिरमोती राय (धर्मपत्नी स्वर्गीय डोस सिंह राय दाढ़ी गुरुजी) का 83 वर्ष की आयु में गृहग्राम में देहावसान हो गया। अंतिम संस्कार में परिवार, रिश्तेदार, समाज, ग्रामीणजनों सहित आस-पास के ग्रामों से अनेक इष्ट मित्र बंधु बांधव सम्मिलित हुए। वे महेंद्र सिंह कश्यप, दौलतराम जगत, जयपाल सिंह पारेश्वर, अमृतलाल जगत एवं सदानंद सिदार की सास थीं।



## रामायण का मुख्य संदेश सत्य, धर्म और मर्यादा का पालन करना: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम जोबा में तीन दिवसीय श्रीराम कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर करते हुए कहा कि रामायण का मुख्य संदेश सत्य, धर्म और मर्यादा का पालन करना है। यह महाकाव्य सिखाता है कि बुराई (अहंकार) कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत अच्छाई की ही होती है। पारिवारिक रिश्ते, निष्ठा, त्याग और विपत्ति में धैर्य रखना जीवन के सबसे बड़े आदर्श हैं। रामायण का मूल मंत्र सत्यमेव जयते है। राम ने कठिन परिस्थितियों में भी धर्म (कर्तव्य) का मार्ग नहीं छोड़ा और रावण के अधर्म का अंत किया। भगवान राम 'मर्यादा पुरुषोत्तम' हैं, जो सिखाते हैं कि राजा, पुत्र, भाई और पति के रूप में मर्यादाओं का पालन करना ही आदर्श जीवन, राम ने पिता के वचन के लिए राजपाठ छोड़ दिया। लक्ष्मण और भरत का प्रेम निस्वार्थ है। यह रिश्तों में त्याग और विश्वास का महत्व सिखाता है। रावण का सर्वनाश उसके अहंकार के कारण हुआ। यह संदेश है कि ज्ञान होने के बावजूद, यदि मन में अहंकार है, तो विनाश निश्चित है, राम ने वानर सेना को साथ लेकर समुद्र पर सेतु बनाया। यह सिखाता है कि एकता और योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर असंभव कार्य भी संभव हो सकते हैं। आगे कहा अपने शत्रुओं के प्रति भी शिष्टता और दया का भाव रखना (जैसे विभीषण को शरण देना) रामायण की बड़ी सीख है।

# सुशासन तिहार 2026 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी सुशासन तिहार 2026 के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

इस संबंध में कलेक्टर विनय लंगेह ने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया है कि 30 अप्रैल 2026 तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

सुशासन तिहार के अंतर्गत 01 मई से 10 जून 2026 तक जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरुकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर शिविरों में शामिल होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आमजन से संवाद स्थापित करेंगे।




उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान मुख्यमंत्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस अभियान से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित करते हुए इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे जिले के आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

### बसना में महिला उद्यमियों को मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस पर दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** केंद्र सरकार की आरएएमपी योजना के अन्तर्गत सीएसआईडीसी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में चाइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, उन्हें बाजार से जोड़ने, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत बसना के सभाकक्ष में मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं महिला संचालित एमएसएमईएस बाजार विकास सहायता प्रदान करना है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी एवं मेलों में भागीदारी, ब्रांड प्रमोशन और निर्यात के अवसरों की विस्तृत जानकारी दिया गया। महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी भूमिका निभाती है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस जैसे हस्तक्षेप महिला उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायता प्रदान करते है। कार्यशाला के दौरान महिला उद्यमियों के लिए उपलब्ध मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजनाएं, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय मेलों/प्रदर्शनी में भागीदारी की प्रक्रिया, उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग सुधार, गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकीकरण का महत्व, बी2बी एवं बी2सी मार्केट लिंकज के अवसर, ई-कामर्स एवं डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से बिक्री विस्तार, सरकारी सहायता एवं अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के सीईओ पीयूष सिंह ठाकुर, प्रभारी डीकेश कुमार साव (क्षेत्रीय समन्वयक), मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र गिरी, पन्नालाल साहू, देव प्रकाश कुर्रे एवं क्लस्टर पीआरपी उपस्थित रहे।

# एमपी के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब साढ़े 10 हजार करोड़ रुपए वापस लेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब 10536 करोड़ रुपए की राशि सरकार वापस लेगी। बंटवारा नियमों की अनदेखी की वजह से यह चूना लग रहा था। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पेंशन भुगतान विवाद में अतिरिक्त राशि की वापसी पर सहमति बनी है। राज्य सरकार का इसमें से 2000 करोड़ मिल चुका है, जबकि बाकी राशि 6 किस्तों में मिलेगी।

दरअसल, 25 साल पहले मप्र और छत्तीसगढ़ के बंटवारे के वक्त जितने भी पेंशनधारी छत्तीसगढ़ में रह गए और बाद में जो रिटायर हुए, उनकी पेंशन को लेकर एक मानक तैयार किया गया था। बंटवारे की शर्त थी कि इन लोगों की पेंशन को लेकर जो भी वित्तीय भार छत्तीसगढ़ पर आएगा, उसमें हर एक रुपए का 26.63 प्रतिशत पैसा छग को देना होगा। शेष 73.37 प्रतिशत पैसे की भरपाई मप्र करेगा। पेंशन वितरण में भी यह लागू रहा।

### त्रुटिपूर्ण लेखांकन से अतिरिक्त भुगतान

साय कैबिनेट की बैठक में ये फैसला हुआ है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अनुरूप छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बीच पेंशन दायित्वों के विभाजन के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए 10,536 करोड़ रुपए के आधिक्य पेंशन भुगतान की राशि की वापसी पर सहमति दी गई। बैंकों द्वारा पूर्व में हुए त्रुटिपूर्ण लेखांकन के कारण यह अतिरिक्त भुगतान हुआ था, जिसका पुनर्मिलान एवं सत्यापन संयुक्त दल द्वारा किया गया है।

### 6 किस्तों में देगी 8536 करोड़ की राशि

प्रस्ताव के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2,000 करोड़ रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जा चुकी है तथा शेष 8,536 करोड़ रुपए की राशि आगामी 6 वार्षिक किस्तों में दी जाएगी। मंत्रिपरिषद ने इस व्यवस्था को स्वीकार करते हुए वित्त विभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकृत किया है।

### एमपी का शेयर मिल ही नहीं रहा था

हाल ही में छग सरकार में खर्चों का दबाव बढ़ा, तो वित्त की टीम ने पड़ताल शुरू की। पेंशन के आंकड़े देखें, तो पता चला कि मप्र का शेयर तो मिल ही नहीं रहा। यानी पूरा भुगतान छत्तीसगढ़ के खाते से ही हो रहा था। मप्र सरकार भी पैसा देने को राजी हो गई है। मशक्कत इस बात की हो रही थी कि यह पैसा एकमुश्त न देकर दो-तीन साल की किस्तों में दिया जाए।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को मिलेगी मजबूती

### एनडीडीबी के साथ एमओयू में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी

# साय कैबिनेट ने दुधारू पशु योजना में किया बड़ा बदलाव, अब सभी सामाजिक वर्गों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुधारू पशु प्रदाय योजना का दायरा बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। अब इस योजना का लाभ सभी सामाजिक वर्गों को मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालकों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कृषि और पशुपालन क्षेत्र को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। साय कैबिनेट ने प्रदेश के पशुपालकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से दुधारू पशु प्रदाय योजना में बड़े बदलावों को मंजूरी दी है। सरकार का मानना है कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को मजबूती मिलेगी।



### पायलट प्रोजेक्ट का विस्तार और एमओयू में संशोधन

कैबिनेट की बैठक में दुधारू पशु प्रदाय संबंधी पायलट प्रोजेक्ट योजना के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। अब इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के समस्त सामाजिक वर्ग के हितग्राही लाभान्वित हो सकेंगे। इसके लिए सरकार ने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ किए गए एमओयू में संशोधन का अनुमोदन किया है। बदलाव का सीधा उद्देश्य योजना को अधिक समावेशी बनाना है, ताकि राज्य का हर वर्ग इसका लाभ उठा सके।

### सभी वर्गों को मिलेगा लाभ, बढ़ेगी आय

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले इस योजना में जो सीमाएं थीं, उन्हें अब हटा दिया गया है। अब अनुसूचित जनजाति वर्ग के साथ-साथ सभी सामाजिक वर्गों के पात्र हितग्राहियों को दुधारू पशु प्रदान किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि पशुपालकों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### एनडीडीबी के जरिए टीकों की सीधी खरीदी

*कैबिनेट द्वारा राज्य में पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने हेतु आवश्यक टीकाद्रव्यों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एनडीडीबी की सब्सिडरी कंपनी इंडियन इंम्यूनोलॉजिकल लिमिटेड, हैदराबाद से टीकों की खरीदी किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। निविदा प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिस्पर्धा न बन पाने एवं जेम पोर्टल पर दर उपलब्ध न होने के कारण टीकों की समय पर आपूर्ति में बाधा आ रही थी, जिससे पशुओं का नियमित टीकाकरण प्रभावित हो रहा था। निर्णय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनवरी 2027 तक आवश्यक टीकाद्रव्यों का क्रय उक्त एजेंसी से किया जाएगा, जिससे पशुओं में रोगों की रोकथाम, मृत्यु दर में कमी, पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा तथा दुग्ध, अंडा एवं मांस उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो सकेगी।*

**खबर संक्षेप**

## 21 से 24 वर्ष के शिक्षित युवाओं के लिए इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर

**महासमुंद।** पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2026 भारत सरकार द्वारा देश के युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने वाली एक सशुल्क इंटर्नशिप योजना है। इसके तहत 21-24 वर्ष के पात्र युवाओं को हर महीने 9,000 का स्टाइपेंड, 6,000 की एकमुश्त सहायता और बीमा कवरेज मिलता है। इंटर्नशिप स्कीम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कौशल-आधारित वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करना है। जिसकी अवधि 1 महीने से लेकर 6 महीने या उससे अधिक की हो सकती है। इसके लिए पात्रता भारतीय नागरिक होना चाहिए। 21-24 वर्ष के युवा जो हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, आईटीआई, या बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए आदि डिग्री धारक होना चाहिए। पारिवारिक वार्षिक आय 8 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। फुल-टाइम एम्प्लॉयड न हों। इस योजना के तहत पात्र युवाओं को हर महीने 9, 000 रुपए (500 रुपए सरकार द्वारा $ कंपनी द्वारा), 6,000 की एकमुश्त सहायता राशि और इंटर्न का बीमा कवरेज (जीवन और दुर्घटना) प्रदान किया जाता है।

## बसना में राशन दुकानों के नए आबंटन के लिए 30 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** जिले के अनुविभाग बसना अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से शासकीय उचित मूल्य दुकानों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उड़ेला द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान लोहड़ीपुर एवं जमदरहा का समर्पण किया गया है। इसी प्रकार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चनाट (पंजीयन क्रमांक 866) द्वारा संचालित दुकान दलदली (गढ़गांव) का भी समर्पण किया गया है।

# बिसाहिन की आजीविका डबरी बनी समृद्धि की नई सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पहरनादादर की रहने वाली बिसाहिन कभी केवल वर्षा आधारित खेती पर निर्भर थीं। बारिश पर निर्भर इस खेती से उनके परिवार का गुजारा मुश्किल से हो पाता था। सीमित संसाधन और अनिश्चित आय के कारण जीवन संघर्षपूर्ण था, लेकिन वर्ष 2025 में शुरू हुई कृषि तालाब निर्माण योजना ने उनकी जिंदगी की दिशा ही बदल दी। शासन द्वारा तालाब निर्माण के लिए 2 लाख 74 हजार 999 की राशि स्वीकृत की गई, जिसमें से 2 लाख 49 हजार रुपए 613 की लागत से एक सुंदर सीढ़ीनुमा कृषि डबरी का निर्माण किया गया। यह तालाब जल संचयन का एक उत्कृष्ट मॉडल बन गया। लगभग 20×20 मीटर की यह डबरी करीब 894 घन मीटर पानी संग्रहित करने की क्षमता रखती है, जो सूखे के समय में भी उनके लिए वरदान साबित हो रही है। जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले में 501



आजीविका डबरी का निर्माण किया गया है।

बिसाहिन बताती है कि डबरी में पानी भरते ही उन्होंने पारंपरिक खेती के साथ-साथ मछली पालन की शुरुआत की। पहले जहां वे केवल एक फसल पर निर्भर थीं, अब वे मछली बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करने लगी हैं। इस नई पहल से उनकी सालाना आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही अब वे निजी जल स्रोत होने के कारण रबी की फसलें और सब्जियों की खेती भी आसानी से कर पा रही हैं।

बिसाहिन बताती है कि एक ओर जहां यह सिंचाई का स्थायी साधन बनी। वहीं दूसरी ओर मछली पालन से उन्हें दोहरी आय प्राप्त होने लगी है। इसके साथ ही इससे जुड़ी गतिविधियों जैसे चारा बनाना और जाल बुनना, गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के नए अवसर लेकर आई हैं।

बिसाहिन जय सतनाम महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं, जिसका संचालन लोकोस ऐप के माध्यम से किया जाता है। इस समूह से जुड़कर उन्हें कम ब्याज पर ऋण प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने मछली बीज और चारा खरीदा। समूह के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और सामूहिक विकास का रास्ता भी खुला। अब समूह की अन्य महिलाएं भी बिसाहिन से प्रेरित होकर तालाब के किनारे बड़ी निर्माण और सब्जी उत्पादन जैसे छोटे उद्यम शुरू करने की योजना बना रही हैं। आज बिसाहिन एक साधारण किसान से आगे बढ़कर एक सफल उद्यमी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। उनका आत्मविश्वास और मेहनत गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। बिसाहिन खुद कहती हैं कि यह तालाब मेरे लिए केवल एक गड्ढा नहीं, बल्कि मेरे भविष्य की उम्मीद है। अब मुझे पानी के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और मछलियों ने मेरी आय दोगुनी कर दी है।

## जनभागीदारी से नेशनल हाईवे से स्कूल तक पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा ग्राम बेलटुकरी जनचौपाल में ग्रामीणों की मांग पर जनभागीदारी मॉडल के तहत नेशनल हाईवे से बेलटुकरी स्कूल तक लगभग 3.50 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया था। कलेक्टर लंगेह के निर्देशन में आज इस पक्की सड़क का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण जनता की जरूरतों और स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं उच्च कोटि का बनाया जाए। इस अवसर पर पीएमजेएसवाई के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कार्य तीव्र गति से प्रारंभ है और इसे जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। ग्राम बेलटुकरी में अब तक कच्चे मार्ग के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती थी। कलेक्टर लंगेह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जनसहभागिता और विभागीय समन्वय के जरिए इस सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है। सड़क निर्माण के बाद बच्चों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## गोपा ने किया नारी शक्ति अधिनियम का स्वागत



**महासमुंद।** नारी शक्ति अधिनियम का स्वागत करते हुए गोपा मोती साहू पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि यह अधिनियम पारित होने से देश के राजनिती में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत हो जाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकल्प 2047 तक विकसित भारत को साकार करने में मजबूती मिलेगी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में एक सामाजिक परिवर्तन आया है और देश विकास की ओर बहते जा रहा है। मोदी की योजना से आज स्वच्छता अभियान के तहत पूरे देश के एक-एक व्यक्ति में स्वच्छता का ज्ञान जागृत हुआ। वही उज्ज्वला योजना के तहत धुंआ मुक्त रसोई हो गया है। किसानों को अनेक योजना के तहत उनकी स्थिति में सुधार आया। युवाओं को मुद्रा योजना के तहत रोजगार का अवसर प्रदान किया एवं देश की सुरक्षा को मजबूत किया। वहीं कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया एवं राम मंदिर का निर्माण जैसे बड़े-बड़े कार्य मोदी के शासन काल में हुआ है। अब महिलाओं की भागीदारी लोकसभा एवं राज्य विधान सभाओं में 33 प्रतिशत होने से देश में अमूलचाल परिवर्तन आएगा और जब हम देश के स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 में मनाएंगे तो महिलाओं की आधी आबादी भी देश के विकास में भागीदार रहेंगे। साहू ने आगे कहा कि महिला सशक्त होंगी तो देश मजबूत होगा और हर क्षेत्र में कार्य करने में बल मिलेगी। गोपा ने नारी शक्ति अधिनियम का स्वागत करते हुए मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## युवाओं को बाबा साहेब के जीवन मूल्यों को अपनाने किया प्रेरित

**महासमुंद।** डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) और महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वसुंधरा साहू जिला युवा अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में डा. अंबेडकर जयंती बलौदा में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रारंभ मुख्य अतिथि कमला बाई दीवान एवं महाविद्यालय के अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर डॉ. गजानंद नायक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा साहेब द्वारा दलित वर्गों के उत्थान, सामाजिक समानता और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को बाबा साहेब के जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं अशोक चक्रधारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा युवा भारत के माध्यम से युवाओं को जागरूक करना क्षेत्र के विकास और सशक्तिकरण की दिशा में एक बेहतरीन पहल है। इस अवसर पर भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया( निबंध प्रतियोगिता में पल्लवी सिदार प्रथम, सुभाष बीसी द्वितीय एवं मोजेश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सुभाष बीसी प्रथम, मोजेश कुमार द्वितीय एवं चूड़ामणि जोल्हे तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करने पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही सभी ने संवैधानिक मूल्यों के प्रति संकल्प में हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम की समाप्ति बाद स्वयंसेवको ने स्वच्छता अभियान भी चलाया। कार्यक्रम का संचालन आशीष डड़सेना ने किया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के महासमुंद स्वयंसेवक विष्णुराम, सिंधु जगत, जितेंद्र कुमार पटेल, रमेश कुमार पटेल, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबरगिया, ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान आदि मौजूद रहे।

## अब नीति नहीं, नेतृत्व करेंगी महिलाएंः मोनिका



**महासमुंद।** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसले का भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक मोनिका साहू ने स्वागत करते हुए उन्होनें इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का मील का पत्थर बताया और कहा कि यह निर्णय महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में स्थापित करेगा। मोनिका ने कहा, अब महिलाएं केवल नीति का हिस्सा नहीं रहेंगी, बल्कि देश का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने बताया कि यह फैसला दशकों से लंबित मांग को पूरा करता है और देश की आधी आबादी को बराबरी का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं घर की चौखट तक सीमित नहीं रहेंगी। संसद और विधानसभाओं में पहुंचकर वे देश की दिशा और दशा तय करेंगी। इससे राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक संतुलित होगी। मोनिका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे महिलाओं को निर्णय लेने में बराबरी का अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह आरक्षण ग्रामीण, शहरी, आदिवासी और पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए नए अवसर खोलेगा। अब हर वर्ग की महिलाएं राजनीति में आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से शासन में संवेदनशीलता और पारदर्शिता आएगी।







## खबर संक्षेप

### 12 कृषि केंद्रों का लाइसेंस किया गया निलंबित

**महासमुंद।** भारत सरकार उर्वरक मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक पॉस मशीन से अनियमित रूप से यूरिया उर्वरक वितरण करने पर जिले के 12 कृषि सेवा केंद्रों के लाइसेंस 21 दिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि उक्त कृषि सेवा केंद्रों के द्वारा उर्वरक वितरण में अनियमितता की गई थी। अनियमित यूरिया वितरण करने वाले कृषि केंद्रों कृषि सेवा केंद्र बंसुला, पवन देवांगन कृषि केंद्र भीमखोज, सिन्हा कृषि केंद्र खम्हरिया, हरि कृषि केंद्र बागबाहरा, गणेश कृषि केंद्र बागबाहरा, महेश ट्रेडिंग कम्पनी बसना, रितेश पटेल कृषि सेवा केंद्र बरेकेल, रोशन अग्रवाल भंवरपुर, सिंधु कृषि सेवा केंद्र बंसुला, शिव ट्रेडर्स बसना, सम्लेश्वरी कृषि सेवा केंद्र परसकोल और शंकर टेक्सटाईल भंवरपुर का लाइसेंस 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने कृषकों से अपील किया है कि पॉस मशीन से अंगूठा लगाकर ही उर्वरक का विक्रय करें।

### पीएम इंटर्नशिप की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशन एवं प्राचार्य एचएल दीवान के मार्गदर्शन में बीए/बी काम/बीएससी के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को पीएम इंटर्नशिप की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम अंतर्गत मनहरण ठाकुर, सहायक प्राध्यापक द्वारा योजना के लिए पात्रता, योग्यता, छात्रवृत्ति एवं कौशल के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही इंटर्नशिप करते हुए आनलाइन पढ़ाई जारी रखने के विषय में बताया गया। तत्पश्चात द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के सभी छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम स्वयं पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### छात्रों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप 3.0 योजना की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशो के तहत तथा प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप 3.0 योजना के उद्देश्य एवं भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना तथा पंजीयन संबंधी बैठक आयोजित की गई। जहां भूतपूर्व विद्यार्थियों के साथ स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सर्वप्रथम पीएमआईएस पोर्टल पर जाकर https://pminternship.mca.gov.in में अपना रजिस्टर करें। रजिस्टर पश्चात आईडी तैयार होगी और इस आईडी से आप इंटर्नशिप के लिए आप आवेदन कर सकते है। पात्रता दसवीं से स्नातकोत्तर तक के अभ्यार्थी उम्र 21 से 24 वर्ष हो इंटर्नशिप के दौरान सरकार व कंपनी द्वारा 9000 रुपए का स्टायपेंड प्रदान किया जाएगा व अवधि 06 माह से 01 वर्ष की होगी। इंटर्नशिप पश्चात अभ्यर्थी का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रमाण पत्र के माध्यम से पोर्टल में नौकरी के लिए आवेदन कर सकेंगे। कार्यक्रम में रोजगार सेल संयोजक दिलीप कुमार बढ़ाई मौजूद रहे। , सह संयोजक डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. ई.पी. चेलक, डॉ. दुर्गावती भारतीय, प्रदीप कन्हेर, डा. अजय कुमार देवांगन, आशुतोष पुरी गोस्वामी, राकेश जांगड़े तथा महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अब 20 अप्रैल से 15 जून तक रहेगा स्कूलों में अवकाश

**धमतरी।** प्रदेश में बढ़ती भीषण गर्मी और लू के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में आंशिक संशोधन किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बढ़ती भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित करना हम सब की जिम्मेदारी है। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित ग्रीष्मकालीन अवकाश को पहले लागू करने का निर्णय लिया है, ताकि इस भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत सुरक्षित रह सके।

## जनगणना : जिले में स्व-गणना शुरू

# कलेक्टर विनय लंगेह ने भरा ऑनलाइन स्व-गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में भारत की जनगणना की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी हैं। नागरिकों को स्व-गणना का अवसर प्रदान किया गया है। एसई वेब पोर्टल http://se.census.gov.in के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कोई भी व्यक्ति जनगणना संबंधी निर्धारित बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकता है। जिले में गुरुवार 16 अप्रैल से स्व-गणना शुरू हो गया है। कलेक्टर विनय लंगेह ने आज सुबह निर्धारित पोर्टल से अपना स्व गणना पत्रक ऑनलाइन भरा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आसान एवं सरल प्रक्रिया के तहत स्व गणना भरने की सहूलियत दी गई है। घर का मुखिया इस फॉर्म को भर सकते है। एक मोबाइल से केवल एक ही स्व गणना फार्म भरा जा सकता है। यह फॉर्म सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे एक आईडी प्राप्त होगा। जिसे प्रगणक जब आपके घर आएंगे, तब बताना होगा। लेकिन यदि आप यह फॉर्म नहीं भर पाते तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक आपके घर आकर जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय है। जिले में चल रहीं जनगणना की तैयारियों के सिलसिले में बुधवार 15 अप्रैल से प्रगणकों एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। तीन चरणों में सभी प्रगणकों व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण पूर्ण होगा। बेझिझक दें सही-सही जानकारी, पूरी गोपनीयता रहेगी और साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिए आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं।

### प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर सेंसस 2027 और एचएलओ मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जांच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। ग्राम व नगर रजिस्टर का प्रारूप व विषय वस्तु, ग्रामीण व नगरीय चार्ज रजिस्टर, प्रगणक, पर्यवेक्षकों व चार्ज अधिकारियों के कार्य, पर्यवेक्षण व कानूनी शक्तियां इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

# 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद। भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में दो चरणों में जनगणना होगी। जनगणना 2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों का गणना किया जाएगा। जिसमें 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्वगणना एवं 1 मई से 30 मई 2026 तक डिजिटल रूप से प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के माध्यम से मकान का विवरण दर्ज कर मकान सूचीकरण किया जाएगा।

इसी क्रम में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकाय एवं सभी तहसीलों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिले में नियुक्त कुल 2285 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को तीन चरण में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम प्रशिक्षण 14 से 16 अप्रैल 2026 तक किया गया। जिसमें 43 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा 745 प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने वेडनर मेमोरियल महासमुंद में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर लंगेह ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका होने पर उसे तुरंत ट्रेनर्स से पूछकर स्पष्ट करें। ताकि, फील्ड में कार्य करते समय किसी तरही की समस्या न आए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 से 30 मई तक प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स द्वारा घर-घर जाकर सेंसस 2027 एचएलओ मोबाईल एप के माध्यम से कुल 34 प्रश्नों की जानकारी लेकर विवरण दर्ज किया जाना है। साथ ही स्वगणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे।

> **कलेक्टर ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को गंभीरता से प्रशिक्षण लेने के दिए निर्देश जिले के 43 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा कुल 2285 प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

कलेक्टर ने सभी प्रगणकों को उत्तरदाता के साथ विनम्रता, शिष्टाचार, धैर्य, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रगणक और सुपरवाइजर्स पूरी तरह प्रशिक्षित होकर ही फील्ड में कार्य के लिए जाए, ताकि सेंसस कार्य त्रुटिरहित संपन्न हो सके।

इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने सभी प्रगणकों को भारत की जनगणना 2027 के लिए सेवा भाव प्रतिज्ञा दिलाई। सभी प्रगणकों ने कलेक्टर के समक्ष ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ प्रगणक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहने करने की शपथ ली। इस दौरान अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि सभी नगरीय निकाय एवं तहसील में द्वितीय प्रशिक्षण 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 860 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षक शामिल होंगे। इसके अलावा तृतीय प्रशिक्षण 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 680 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिले में यह प्रशिक्षण कुल 43 फील्ड ट्रेनर्स के द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# झिटकी में नवीन सहकारी सोसाइटी का उद्घाटन अध्यक्ष ने फीता काटकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



ग्राम झिटकी में नवीन कृषि साख सहकारी समिति का गठन किया गया, जिसका पंजीयन क्रमांक 953 का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कलाराम नायक प्राधिकृत अध्यक्ष नर्रा, लोचन पटेल अध्यक्ष परसुली सोसायटी, जनपद सभापति लता कुम्हार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैक शाखा कोमाखान ब्रांच मैनेजर नरेंद्र सिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि कौशिल्या नूतन पटेल ग्राम पंचायत झिटकी, पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी सरपंच ग्राम पंचायत राटापाली, सांसद प्रतिनिधि दुकालुराम पटेल, लेखमणी पटेल भाजपा नेत्री, गोविंदराम साहू, माधो सेन, पुनऊराम पटेल, बालमुकुंद निषाद आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नायक ने कहा कि अब किसानों को खरीदी के साथ-साथ खाद बीज व कृषि सामग्री ऋण आसानी से मिल सकेगा। इस दौरान नर्रा समिति प्रबंधक नाथुराम कुर्रे, सदाराम पटेल, चेतन लाल साहू, दुलेश साहू, विजय साहू, उमेश पटेल, मिलाप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्णय कानूनी एकरूपता के लिए बड़ा कदम

## सरकार का यह निर्णय महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को हुई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में ही सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में कमेटी के गठन को मंजूरी दी है। अब जल्द ही छत्तीसगढ़ में भी समान नागरिक संहिता लागू होगी। इस फैसले को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कानूनी एकरूपता के लिए एक बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विवाह, तलाक, भरणपोषण, पारिवारिक मामलों से जुड़े अलग-अलग धर्मों के लिए पर्सनल लॉ के नियम लागू हैं। इसी वजह से समान नागरिक संहिता लागू करना आवश्यक है। उच्च स्तरीय समिति राज्य के नागरिकों, विशेषज्ञों से सुझाव लेकर यूनिफॉर्म सिविल कोड का प्रारूप तैयार करेगी। कमेटी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और विशेषज्ञों से सुझाव लेगी। जरूरत पड़ने पर वेब पोर्टल के माध्यम से आम लोगों से भी राय ली जाएगी। इसके बाद मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। विधायक सिन्हा ने आगे कहा कि सरकार का यह निर्णय महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक कदम है। संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लेखित है कि राज्य भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा।



### महिलाओं को भूमि रजिस्ट्रेशन में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में महिलाओं के हित में भी बड़ा फैसला लिया गया है। बताया गया है कि अब महिलाओं के नाम पर अब भूमि रजिस्ट्रेशन में 50 प्रतिशत की छूट होगी। इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया है कि राज्य के सेवारत, भूतपूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं के लिए जीवनकाल में एक बार 25 लाख रुपए तक संपत्ति क्रय करने पर 25% छूट मिलेगी।

# जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाववधान में संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल बेमचा में बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य सुधार के लिए एक विशेष जांच एवं मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। यह पहल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे एवं डॉ. सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक अश्वनी पूजा तिर्की एवं सहायक जेल अधीक्षक उदय कुमार गायकवाड़ की उपस्थिति में हुआ। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के स्पर्श क्लिनिक मनोरोग विभाग से आए विशेषज्ञों की टीम ने बंदियों को तनावमुक्त रहने के व्यावहारिक गुर सिखाए। टीम में प्रमुख रूप से डॉ. आशना (एमडी साइकेट्री), डॉ. अंकित मनोरोग समाज कार्य विशेषज्ञ, राम गोपाल खूंटे और वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी खोमन लाल साहू शामिल रहे। शिविर के दौरान जेल के 100 बंदियों का गहन मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अधिकांश बंदियों को सामान्य तनाव और जेल की दिनचर्या से जुड़े परामर्श दिए गए। परीक्षण के दौरान 07 ऐसे बंदी (विशेष पेशेंट) पाए गए, जिनमें मानसिक विकार के गंभीर लक्षण देखे गए। इन सात बंदियों के लिए विशेषज्ञों द्वारा विशेष उपचार योजना तैयार की गई है और उन्हें निरंतर फॉलो-अप में रखा जाएगा। जेल अधीक्षक अश्वनी पूजा तिर्की ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा, बंदियों का मानसिक स्वास्थ्य उनके सामाजिक पुनर्वास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस तरह के शिविरों से उन्हें अवसाद और नकारात्मकता से बाहर निकलने में मदद मिलती है। मनोचिकित्सक डॉ. आशना ने बंदियों को ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से स्वयं को बेहतर बनाने प्रेरित किया।

# मौसमी बीमारियों पर अलर्ट, विभाग ने जारी किए निर्देश, सतर्क रहें नागरिक

**महासमुंद।** ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु को देखते हुए जिले में डायरिया, मलेरिया, डेंगू सहित अन्य संक्रामक रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि मौसमी बदलाव के दौरान जलजनित एवं वेक्टर जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है। इसे देखते हुए जिले में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन कर संभावित प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है तथा वहां लगातार निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस, क्लोरीन टैबलेट, एंटीबायोटिक्स, एंटीमलेरियल सहित आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त दवाओं की आपूर्ति के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए जल स्त्रोतों के नियमित क्लोरीनीकरण, कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डालने तथा खराब हैंडपंपों की मरम्मत के लिए पीएचई विभाग से समन्वय स्थापित किया गया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल गुणवत्ता की सतत निगरानी की जा रही है। ताकि, किसी प्रकार का संक्रमण फैलने से रोका जा सके।

संक्रामक रोगों के प्रकोप की स्थिति में सैंपल जांच के लिए स्टेट रेफरल लेबोरेटरी में परीक्षण की व्यवस्था की गई है। गंभीर मरीजों के उपचार के लिए जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष इंतजाम किए गए हैं तथा 108 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग करने की अपील की गई है। वहीं बच्चों में दस्त रोग के प्रबंधन को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए हैं कि प्रभावित बच्चों को लो ऑस्मोलर ओआरएस के साथ लगातार 14 दिनों तक जिंक डिस्पर्सिबल गोलियां दी जाए, जिससे रोग की गंभीरता को कम किया जा सके और बच्चों के स्वास्थ्य की शीघ्र सुधार सुनिश्चित हो।

# संगठन विस्तार को लेकर बसना विधानसभा के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



संगठन विस्तार को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी बसना विधानसभा की बैठक महासमुंद जोन प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में हुई। जिसे मुख्य रूप से प्रदेश सह सचिव संजय यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, यूथ विंग जिलाध्यक्ष खिरोद पटेल, जिला संगठन मंत्री शकील खान, जिला उपाध्यक्ष गोपालदास वैष्णव, बसना पार्षद इरफान इल्लू ने संचालित किया।

महासमुंद जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर ने बसना विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे छत्तीसगढ़ के हर जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें काफी लोग उत्साहित होकर आम आदमी पार्टी में जुड़ रहे हैं, और इस बार छत्तीसगढ़ के हर विधानसभा में आम आदमी पार्टी पूरे दम-खम के साथ चुनाव लड़ेगी। जिला उपाध्यक्ष गोपाल दास वैष्णव ने आम आदमी पार्टी की रीति-नीति को लोंगो को बताते हुए कहा कि पार्टी के विचार धारा को लेकर हम बसना विधानसभा के एक एक गांव तक जायंगे, हर गांव में आप के कार्यकर्ता मौजूद है उन्हें संगठित करने का प्रयास कर रहे हैं। यूथ विंग के जिलाध्यक्ष खिरोद पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ को भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां मिलकर सिर्फ लूटने और किसानों के खून चूसने का काम कर रही है, लोग इन दोनों पार्टियों से त्रस्त है। इनको लग रहा है कि छत्तीसगढ़ में इन दोनों पार्टियों के सिवा और कोई तीसरी पार्टी नहीं आ सकती, लेकिन मै बता दूं आज तीसरी पार्टी के रूप में आम आदमी पार्टी उभर कर सामने आ रही है। आम आदमी पार्टी के पार्षद इरफान इल्लू ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस से सभी का मोहभंग हो चुका है, आज कोई तीसरा विकल्प के रूप में है तो वह है आम आदमी पार्टी ही है। उन्होंने आगे कहा कि हम जिले के हर ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर गांव-गांव तक जा रहे है। आम आदमी पार्टी के विचारधाराओं से प्रभावित होकर भाजपा कार्यकर्ता उपसरपंच गोपीचंद नायक, गजानंद साहू, लक्ष्मी डड़सेना, हेमपुष्पा भारती सहित अनेक लोगों ने पार्टी की सदस्यता लिया। बैठक में बसना विधानसभा के प्रभारी भुनेश्वर साहू, जय प्रकाश मिश्रा, बसना ब्लॉक अध्यक्ष हेमसागर प्रधान, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष एमडी सागर, माधव सोना, जगतु बंजारा, रमेश दीप, यदुमड़ी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

